# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

## BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR

## PIN-842001 (BIHAR)

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:.....................** **Date:...........................**

**PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS**
**COMPILED BY MEDIA CELL (06.06.2025)**

**DAINIK JAGRAN**
**DATE:06.06.2025**
**PAGE-04**

# गर्मी छुट्टी में ही परीक्षाएं लेने की हो रही तैयारी

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में वोकेशनल कोर्स की विभिन्न परीक्षाएं गर्मी की छुट्टी में लेने की पहल हो रही है। विश्वविद्यालय स्तर से इसकी तैयारी शुरू है। शुक्रवार तक परीक्षा फार्म भरने की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। परीक्षा से एक सप्ताह पहले एडमिट कार्ड जारी किया जाएगा। विश्वविद्यालय मुख्यालय पर ही इसके लिए केंद्र बनाया जाएगा। बताया जा रहा है कि जून-जुलाई में परीक्षा कराकर अगस्त में इसका परिणाम जारी किया जाएगा। तीन जून तक परीक्षा फार्म बिना विलंब शुल्क के भरा गया है। इसके बाद चार से छह जून तक 200 रुपए विलंब शुल्क के साथ फार्म भरने का मौका दिया गया है। विश्वविद्यालय की ओर से विभाग और कालेजों को कहा गया है कि शुक्रवार तक परीक्षा फार्म भरवाकर शुल्क सहित विद्यार्थियों की सूची परीक्षा विभाग को उपलब्ध करा देंगे।

**Ref:....................** **Date:..........................**

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE:06.06.2025, PAGE-04

## बीआरएबीयू: वोकेशनल में आये 2974 आवेदन

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू में वोकेशनल कोर्स के लिए 2974 छात्रों ने आवेदन किये हैं। सबसे ज्यादा 1280 छात्र बीसीए में आवेदन किये हैं। सीसीडीसी प्रो. मधु सिंह ने बताया कि 20 जून तक आवेदन लिया जायेगा। 25 जून को प्रवेश परीक्षा होगी। 21 जुलाई से कक्षाएं चलेंगी। वोकेशनल में पहले 30 मई तक ही आवेदन किया जाना था, लेकिन कालेजों की मांग पर इसे 20 जून तक बढ़ा दिया गया है।

## गर्ल्स हॉस्टल-2 में रहेंगी सिर्फ पीएचडी की छात्रायें

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू के गर्ल्स हास्टल-2 में सिर्फ पीएचडी की छात्रायें रहेंगी। विवि प्रशासन इसका फैसला करने जा रहा है। बीआरएबीयू में छात्राओं के लिए नया हॉस्टल खुल रहा है। इसमें पीएचडी की छात्राओं के लिए विशेष व्यवस्था होगी। बीआरएबीयू नये हास्टल के लिए अधीक्षक की तलाश में भी जुट गया है। गर्मी की छुट्टी के बाद हास्टल के शुरू होने की उम्मीद है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**




PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR
DATE: 06.06.2025, PAGE-04

# पीजी प्रथम सेमेस्टर का एडमिट कार्ड जारी

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू की ओर से 9 जून से शुरू हो रही पीजी सत्र 2024-26 के प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिया गया है. संबंधित पीजी विभागों व कॉलेजों को इमेल से एडमिट कार्ड भेजा गया है. वहां एडमिट कार्ड डाउनलोड कर प्रिंट आउट निकालकर हस्ताक्षर-मुहर के बाद विद्यार्थियों को देना है. इधर, एडमिट कार्ड जारी होने की सूचना पर कई छात्र-छात्राएं गुरुवार को विभाग व कॉलेजों में पहुंचे. यहां से कई छात्रों के एडमिट कार्ड दिया भी गया, लेकिन इलेक्ट्रॉनिक्स व अन्य विभागों की ओर से दिये गये एडमिट कार्ड में कई कॉलम खाली मिले. इससे परेशान होकर विद्यार्थी फिर विवि पहुंचे.